## एक नजर में



### कान्हा टाइगर में एक और बाघ सीडीबी पॉजिटिव

**मंडला.** कान्हा टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बढ़ गई है. किसली रेंज के संदुकखोल क्षेत्र में एक और बाघ कैनाइन डिस्टेंपर वायरस (सीडीबी ) से संक्रमित पाया गया है, जिसे असामान्य व्यवहार के बाद रेस्क्यू कर मुक्की रेंज स्थित क्वारेंटाइन सेंटर में भर्ती कराया गया है. वन विभाग के अनुसार, पर्यटकों द्वारा बाघ के अजीब व्यवहार की सूचना मिलने के बाद तत्काल निगरानी शुरू की गई और विशेषज्ञों की सलाह पर उसे सुरक्षित तरीके से पकड़कर इलाज के लिए अलग रखा गया.

### लोन दिलाने के नाम पर 9 लाख हड़पे, प्रकरण दर्ज

**जबलपुर.** लोन दिलाने के नाम पर 9 लाख रूपए हड़ने वाले आरोपी के खिलाफ मदनमहल पुलिस ने धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर ली है. पुलिस के मुताबिक संजय भाटिया 61 वर्ष निवासी होटल गुलजार महानद्दा नागपुर रोड मदनमहल ने लिखित शिकायत की कि सिल्पेश शिवहरे उसकी होटल में टेंट एवं केटरिंग के काम के संबंध में होटल में आता जाता था. जिसने वर्ष 2024 में उसक होटल में ब्रजेश तिवारी से मिलवाया और बताया कि ये मुंबई में रहता है और कम ब्याज पर प्राईवेट बैंक से लोन दिलवाने का कार्य करता है.

### संघ और हिंदरक्षक आमने - सामने

**इंदौर.** उषानगर में भाजपा और संघ से जुड़े लोगों बीच कुते को रोटी डालने के बाद विवाद हो गया. विवाद में रात को संघ के लोगों से झुमाझाटकी हुई और आज सुबह संघ के लोगों के हिंदरक्षक और भाजपा पदाधिकारी के घर पथराव कर दिया. इतना ही नहीं थाने पर भी आरएसएस के लोगों के भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की. इसके बाद भाजपा संगठन ने विधानसभा 4 का प्रभारी पद छीना और तीन में जवाब देने का नोटिस जारी कर दिया. मामला कुछ यूं है कि उषानगर में विधायक मालिनी गौड़ एवं हिंदरक्षक से जुड़े भाजपा नेता वीरेन्द्र शेंडके की मल्टी है, जो विधानसभा 4 के प्रभारी भी है.

# भाजपा नेता की 7 करोड़ की जमीन पर चला बुलडोजर

**नीमच, 7 जून. जिले के मनासा नगर में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि पर बने लगभग 7 करोड़ रुपए मूल्य के अवैध निर्माण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया. यह कार्रवाई नगर परिषद मनासा द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश और पूर्व प्रस्ताव के आधार पर की गई.**

जानकारी के अनुसार, माहेश्वरम कॉलोनी के पास स्थित शासकीय नजूल भूमि (सर्वे क्रमांक 300, रकबा करीब 4800 वर्गमीटर) पर वर्षों से अवैध निर्माण और नामांतरण का मामला चल रहा था. वर्ष 2012 में भाजपा नेता उज्जवल पटवा द्वारा इस भूमि का नियमों के विपरीत नामांतरण कराया गया था, जिसके बाद वर्ष 2022 में एक दुकान निर्माण की अनुमति ली गई थी, लेकिन वहां



अनुमति से अधिक निर्माण कर आठ दुकानें बना दी गईं.

नगर परिषद के अनुसार, यह निर्माण बिना डायवर्सन और बिना आवश्यक स्वीकृतियों के किया गया था, जिसे नियम विरुद्ध मानते हुए 10 जनवरी 2026 को प्रस्ताव पारित कर अनुमति और नामांतरण निरस्त कर दिया गया था. इसके बाद मामला कलेक्टर और फिर न्यायालय तक पहुंचा, जहां उच्च न्यायालय ने नगर परिषद के निर्णय को सही ठहराते हुए कार्रवाई को हरी झंडी दी. नगर परिषद की टीम पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे तक चली कार्रवाई में अवैध दुकानों को पूरी तरह जमींदोज कर दिया गया. इस कार्रवाई में तहसीलदार, नगर परिषद सीएमओ, इंजीनियर और पुलिस बल मौजूद रहा. प्रशासन ने साफ किया है कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी.

# सहकारिता से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई गति : डॉ .यादव

**भोपाल, 7 जून . मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि सहकारिता प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसे मजबूत बनाकर किसानों, ग्रामीणों तथा छोटे उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा. उन्होंने कहा कि सहकारिता केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि समाज के सामूहिक उत्थान का प्रभावी माध्यम है.**



मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सहकारी संस्थाओं की कार्यप्रणाली को सरल, पारदर्शी और तकनीक आधारित बना रही है, ताकि किसानों को ऋण, बीज, उर्वरक और विपणन जैसी सुविधाएं आसानी से मिल सकें. सहकारी समितियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़कर उनकी जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाई जा रही है. डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है और युवाओं व किसानों को इससे जोड़कर इसे जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग के माध्यम से किसान कल्याण, कृषि विकास, जनजातीय क्षेत्रों के विकास और ग्रामीण विकास योजनाओं को गति मिल रही है.

मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश की 4,536 से अधिक पैक्स (प्राथमिक कृषि साख समितियों) का कंप्यूटरीकरण पूरा किया जा चुका है और उनकी जानकारी राष्ट्रीय पोर्टल पर अपडेट कर दी गई है. दुग्ध क्रांति 2.0 को सफल बनाने के लिए दुग्ध समितियों और सदस्यों के खाते जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों में खोले गए हैं.

> मुख्यमंत्री ने बताया कि भारतीय बीज सहकारी समिति, राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक लिमिटेड और राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड के साथ हुए समझौता ज्ञापनों से प्रदेश की हजारों पैक्स समितियां जुड़ चुकी हैं. इससे किसानों को बेहतर विपणन, जैविक खेती और निर्यात के नए अवसर उपलब्ध होंगे. मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है.

# दिग्विजय सिंह ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

**सीबीएसई की त्रि-भाषा नीति पर जताई आपत्ति**

**भोपाल, 7 जून . कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सीबीएसई की कक्षा 9 में लागू होने वाली त्रि-भाषा नीति को मौजूदा शैक्षणिक सत्र के बीच में लागू न करने की मांग की है. उन्होंने अभिभावकों की चिंताओं का हवाला देते हुए इस फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है.**



दिग्विजय सिंह ने अपने पत्र में कहा कि अभिभावकों का एक समूह इस नीति के अचानक लागू होने से परेशान है, क्योंकि इससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है. उन्होंने कहा कि सत्र के बीच में नई भाषा नीति लागू करना छात्रों और स्कूलों के लिए गंभीर शैक्षणिक बाधा पैदा कर सकता है.

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि दिसंबर 2025 में सीबीएसई की गवर्निंग बॉडी ने निर्णय लिया था कि जब तक एनसीईआरटी द्वारा ग्रेडेड भाषा की किताबें उपलब्ध नहीं कराई जातीं, तब तक मौजूदा अध्ययन योजना जारी रहेगी. इसके बावजूद 15 मई 2026 को जारी सर्कुलर में 1 जुलाई 2026 से त्रि-भाषा नीति लागू करने की बात कही गई है. कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि जब आवश्यक पाठ्यपुस्तकें अभी उपलब्ध नहीं हैं, तो इस नीति को लागू करने का निर्णय कैसे लिया गया. उन्होंने कहा कि इससे खासकर दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों के छात्रों को अधिक कठिनाई होगी, जहां भाषाई विविधता अधिक है. दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि मौजूदा कक्षा 9 के छात्रों के लिए इस नीति को तब तक स्थगित किया जाए जब तक पूरी तैयारी और संसाधन उपलब्ध न हो जाएं.

### भारत हिंदू राष्ट्र बने, महंगाई से राहत मिले : साध्वी हर्षानंद

**जबलपुर.** 11 दिन की मौन साधना में लीन हुई साध्वी हर्षा रिछारिया उर्फ साध्वी हर्षानंद गिरि ने मां नर्मदा तट स्थित गौरीघाट पर पूजा-अर्चना किया और यहां मौन व्रत, एकांतवास की शुरुआत की है.इसके पहले उन्होंने कहा कि अभी जिन देशों में युद्ध चल रहा है, उसका असर हमारे भारत में भी पड़ रहा है,सबसे ज्यादा मध्यमवर्गीय परिवार इस युद्ध का शिकार हो रहे है. युद्ध रुक जाए और चारों तरफ शांति ही शांति रहे. हमारा देश वापस सामान्य परिस्थिति में आ जाए जिससे कि महंगाई कम हो और देश की जनता खुशहाल हो. वर्तमान समय युद्ध और अशांति का दौर है. देश की जनता को महंगाई से राहत मिले और भारत हिंदू राष्ट्र बने, इसी कामना के साथ वे मौन साधना में लीन हुई. साध्वी हर्षानंद गिरि ने मौनव्रत के साथ ही अन्न त्याग के साथ जूते चप्पल का त्याग किया है .

# बंदूक की गोली से भाजपा नेत्री की मौत

**जबलपुर. रांझी थाना अंतर्गत आने वाले न्यू शोभापुर इलाके में शनिवार देर रात हड़बड़ाहट में चली लाइसेंसी बंदूक की गोली से भाजपा नेत्री संगीता रजक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई.**

जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब 1 बजे न्यू शोभापुर निवासी संगीता रजक के घर के बाहर कुछ अज्ञात बदमाश इकट्ठा होकर गाली-गलौज और हंगामा कर रहे थे. आधी रात को शोर-शराबा सुनकर संगीता रजक के पति बंटी रजक और उनके देवर घर से बाहर निकले. सभी ने मिलकर हुड़दंग कर रहे लोगों को फटकार लगाई और वहां से जाने को कहा. संगीता रजक सुरक्षा के लिहाज से घर के अंदर से लाइसेंसी बंदूक लेकर बाहर आईं. इसी गहमागहमी और हड़बड़ाहट के बीच अचानक बंदूक का ट्रिगर दब गया. गोली सीधे संगीता रजक के पेट में जा लगी और वे लहूलुहान होकर वहीं जमीन पर गिर पड़ीं. परिजन उन्हें तुरंत बेहद गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. मृतका संगीता रजक और उनका परिवार क्षेत्र का एक जाना-माना राजनीतिक परिवार है. संगीता ने पिछला नगरीय निकाय चुनाव गोकलपुर वार्ड से भाजपा के टिकट पर लड़ा था. उनके पति बंटी रजक भी विधायक प्रतिनिधि, वीर सावरकर मंडल के उपाध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष रह चुके हैं. बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले भी कुछ अज्ञात बदमाशों ने उनके घर पर बम पटके थे और उनकी कार में तोड़फोड़ की थी. बंटी रजक ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई थी, लेकिन तब से ही परिवार और पूरे क्षेत्र में दहशत और तनाव का माहौल बना हुआ था. इसी डर की वजह से कल रात भी परिवार असुरक्षित महसूस कर रहा था.घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के अधिकारी भारी पुलिस बल और एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है.



# पुलिस ने एक रात में पकड़े 120 फरार वारंटी

**छिंदवाड़ा 7 जून।** जिले की पुलिस टीम ने एक ही रात्रि में 33 स्थायी व 87 गिरफ्तारी की गई। इस प्रकार कुल 120 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया। सभी गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया।

थाना कुंडीपुरा ने गस्त के दौरान सर्वाधिक वारंट तामील किए। जिसमें 08 स्थायी व 12 गिरफ्तारी, कुल 20 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया। एसडीओपीर जितेन्द्र जाट के नेतृत्व में 04 स्थायी व 05 गिरफ्तारी, कुल 09 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया। एसडीओपी भारती जाट के नेतृत्व में 03 स्थायी व 07 गिरफ्तारी की गई। इस तरह कुल 10 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया। । जिले के गुंडा निगरानी बदमाश, जिला बदर के अपराधियों, जेल से रिहा आरोपियों, कबाडियो की जांच की गई। वही गुम इंसानो (व्यक्तियों) की दस्तयाबी की गई। जिसमें 101 गुंडा बदमाश, 76 निगरानी बदमाश, 01 जेल से रिहा आरोपी एवं 42 कबाडियो को चेक कर थाना रिकार्ड में इंद्राज किया गया। थाना क्षेत्र में विगत दिनो गुम हुए व्यक्तियों में 02 गुम इंसान को दस्तयाब किया गया। वही अवैध शराब की तस्करी, खुले स्थान शराब पीने वाले 38 व्यक्तियों से 250 लीटर अवैध शराब जप्त कर आरोपीयों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

# ब्रिक्स सम्मेलन को लेकर हाई अलर्ट

- **किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सीपी**
- **जवानों को पहले से ब्रीफ करने के दिए निर्देश**

**इंदौर, 7 जून. शहर में प्रस्तावित ब्रिक्स सम्मेलन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है. पुलिस कमिश्नर ने रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और सभी संबंधित एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए.**



बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध व मुख्यालय) आर.के. सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) मयंक अवस्थी सहित सभी डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे. पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट कहा कि सम्मेलन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी. निर्देशों के अनुसार एयरपोर्ट, होटल, कार्यक्रम स्थल और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा. जवानों को पहले से ब्रीफ करने, वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान पायलटिंग, रूट चेकिंग और ड्राइवरों के सत्यापन को अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए हैं.

# जय अम्बे कंपनी के ऑफिस में घुसकर कर्मचारी को मारी गोली

**अनूपपुर. रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट में कोयला उत्खनन कर रही जय अम्बे कंपनी के कार्यालय में हुई फायरिंग की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है.**

आरोप है कि श्रीराम विश्वकर्मा अपने साथियों पप्पू विश्वकर्मा और मिथलेश चर्मकार उर्फ लकी के साथ कार्यालय में घुसा और कर्मचारियों को बंधक बनाकर दहशत फैलाने का प्रयास किया. जानकारी के अनुसार आरोपियों ने कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों आलोक त्रिपाठी और अमन सिंह क्षत्रिय को धमकाया तथा एक कर्मचारी के पैर में गोली मार दी. घायल कर्मचारी किसी तरह मौके से जान बचाकर निकले. घटना के बाद आरोपियों पर कंपनी प्रबंधन को धमकाने और शिकायत करने पर जान से मारने की चेतावनी देने का भी आरोप है. पीड़ित कर्मचारियों ने अमलाई थाने में शिकायत की. घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं.

# वीर शहीदों की गाथाओं को पाठ्यपुस्तकों में किया जाएगा शामिल : मंत्री शाह



**जबलपुर, 7 जून. जनजातीय समाज के स्वतंत्रता सेनानी वीर शंकर शाह और रघुनाथ शाह के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए उनके जीवन को स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा. साथ ही जबलपुर में उनके नाम पर हर वर्ष भव्य जनजातीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए 5 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई जाएगी.**

यह घोषणा जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने रविवार को मझौली स्थित बड़ादेव देवालय और 40.96 लाख रुपये की लागत से बने सामुदायिक भवन के लोकार्पण के दौरान की.

मंत्री ने कहा कि जनजातीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए जबलपुर में लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से एक सांस्कृतिक संरक्षण केंद्र बनाया जाएगा. इसमें आदिवासी युवाओं, युवतियों और महिलाओं को प्रशिक्षण देकर पारंपरिक कला, संस्कृति और लोक परंपराओं को संरक्षित किया जाएगा.

उन्होंने यह भी घोषणा की कि आदिवासी छात्रों को क्कस्ष्ट, क्कस्ष्ट, छ्वश्वश्व और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सरकार द्वारा निशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी. साथ ही मेडिकल, IIT और अन्य उच्च शिक्षा की तैयारी के लिए जबलपुर, भोपाल और इंदौर में विशेष प्रशिक्षण केंद्र खोले जाएंगे.

विधायक अजय विश्नोई ने इस अवसर पर कहा कि गोंड समाज की सबसे बड़ी विशेषता उसका भाईचारा और मजबूत सामाजिक परंपराएं हैं, जिन्हें आज भी समाज जीवित रखे हुए है.

**2 से 5 लाख तक का ऋण और प्रशिक्षण देंगे**

कार्यक्रम में मंत्री ने बड़ादेव देवालय के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए 25 लाख रुपये देने की घोषणा भी की. इसके अलावा हर वर्ष यहां आदिवासी मेले के आयोजन के लिए 15 लाख रुपये की सहायता देने की बात कही गई. उन्होंने कहा कि जो आदिवासी युवा व्यापार करना चाहते हैं, उन्हें 2 से 5 लाख रुपये तक का ऋण और प्रशिक्षण दिया जाएगा. साथ ही अग्निवीर भर्ती में चयनित 11 युवाओं को सम्मानित करते हुए उन्हें 5-5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा भी की गई.

# शराब ठेकेदार आत्महत्या केस : सीबीआई जांच पर आज हाईकोर्ट में होगा अहम फैसला

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 7 जून .** चर्चित शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना आत्महत्या मामले में जांच सीबीआई को सौंपी जाए या नहीं, इस पर आज हाईकोर्ट की वेकेशन डिवीजन बेंच में सुनवाई होगी. निलंबित आबकारी अधिकारी की अपील पर कोर्ट ने पुलिस से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है.

मामला दिनेश मकवाना की आत्महत्या से जुड़ा है, जिसके बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. वीडियो में मकवाना ने तत्कालीन आबकारी उपायुक्त मंदाकिनी दीक्षित पर गंभीर आरोप लगाए थे. मामले के तूल पकड़ने के बाद 24 नवंबर 2025 को मंदाकिनी दीक्षित को निलंबित कर दिया था.

**निलंबित आबकारी अधिकारी की अपील पर सुनवाई; कोर्ट ने पुलिस से मांगी स्थिति रिपोर्ट**

इसके बाद मृतक के परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की. इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने 18 अप्रैल को आदेश पारित कर मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के निर्देश दिए थे. सिंगल बेंच के इस आदेश को चुनौती देते हुए मंदाकिनी दीक्षित ने डिवीजन बेंच में अपील दायर की है. पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पुलिस से पूरे मामले में स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे. अब इस मामले में कल वेकेशन डिवीजन बेंच में सुनवाई होगी, जिसमें यह तय होना है कि जांच सीबीआई को सौंपी जाएगी या नहीं.

### खिमला प्लांट में लिफ्ट हादसा, छह मजदूर घायल

**नीमच.** रामपुरा थाना क्षेत्र स्थित खिमला प्लांट के ग्रीनको प्रोजेक्ट में रविवार को बड़ा हादसा हो गया. पाइपलाइन पर वेल्डिंग कार्य कर रहे मजदूरों को लेकर जा रही लिफ्ट अचानक करीब 100 फीट नीचे गिर गई, जिससे छह मजदूर घायल हो गए. हादसे के बाद प्लांट में अफरा-तफरी मच गई. घायलों में मनोहर सिंह, चिन्मय घोष, राहुल यादव, जहीरूद्दीन अंसारी, विपिन कुमार और कमलेश शामिल हैं. सभी को तत्काल एंबुलेंस से नीमच के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दो मजदूरों को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य की हालत स्थिर बताई जा रही है.

# हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत, 3 गंभीर घायल

**नवभारत न्यूज**

**शहडोल, 7 जून.** जिले के अमलाई थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-43 पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसा एक तेज रफ्तार 16-पहियों वाले ट्रेलर ट्रक द्वारा बाइक को पीछे से टक्कर मारने के कारण हुआ.

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान कोडवार कला गांव निवासी रेखा यादव के रूप में हुई है. हादसे में उनकी बेटी आंचल यादव, दामाद नीरज यादव और एक साल की पोती गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. सभी घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है.

**शहडोल में भीषण सड़क हादसा**

जानकारी के मुताबिक, परिवार केशवाही स्थित मरखी माता मंदिर में दर्शन कर लौट रहा था, तभी बटुरा गांव के पास मौहारी दाई मंदिर के नजदीक यह हादसा हो गया. तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वाहन काफी दूर तक घिसटता चला गया और महिला की मौके पर ही मौत हो गई.

हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया. पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश शुरू कर दी है. मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है.

# मीनाक्षी आज दाखिल करेंगी नामांकन

## नामांकन प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता रहेंगे मौजूद

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 7 जून. मध्यप्रदेश कांग्रेस अपनी राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन के नामांकन के अवसर पर सोमवार को एकजुटता और शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी में है.**

मीनाक्षी नटराजन सोमवार सुबह 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन से विधानसभा के लिए रवाना होकर आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी. नामांकन



प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता उनके साथ मौजूद रहेंगे. इनमें प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया और अरुण यादव प्रमुख रूप से शामिल हैं. इसके अलावा कांग्रेस के विधायक और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी कार्यक्रम में भाग लेंगे. राज्यसभा चुनाव से पहले इस आयोजन को कांग्रेस की एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती के महत्वपूर्ण प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है.

राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकनपत्र दाखिले का सोमवार को अंतिम दिन है. भाजपा के दोनों प्रत्याशी तरुण चुघ और रजनीश अग्रवाल शनिवार को नामांकनपत्र दाखिल कर चुके हैं.

यदि प्रत्याशियों की संख्या तीन ही रही, तो तीनों को निर्विरोध विजयी घोषित किया जाएगा और प्रत्याशियों की संख्या बढ़ने की स्थिति में मतदान 18 जून को होगा. इसी दिन मतों की गणना के बाद नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे. नामांकनपत्रों की जांच 9 जून को होगी और प्रत्याशी 11 जून तक नाम वापस ले सकेंगे.

> **8 सीटों पर भाजपा, 3 पर कांग्रेस का कब्जा**
>
> राज्यसभा सांसद कांग्रेस के दिग्विजय सिंह के अलावा भाजपा के जॉर्ज कुरियन और डॉ सुमेर सिंह सोलंकी का कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो रहा है. इन्हीं तीन रिक्त स्थानों को भरने के लिए राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव हो रहे हैं. मप्र से राज्यसभा की कुल 11 सीटें हैं, जिनमें से आठ पर भाजपा और तीन पर कांग्रेस का कब्जा है.